रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र संख्या 01/2021

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्म की तामील में जारी हुऐ
25.10.2021	पत्रावली रेस्टोरेशन प्रार्थना के आदेश हेतु प्रस्तुत हुई। अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद मय शपथ पत्र पेश किया। अभिभाषक प्रार्थी ने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र पर बहस कर कहा कि उक्त प्रकरण में कोरोना काल की अवधि के दौरान प्रार्थी अधिवक्ता की डायरी में तारीख पेशी नोट नही हो सकी, इस कारण दिनांक 10.08.2021 को उपस्थित नही हो सका। दिनांक 28.09.2021 को न्यायालय मे कोज लिस्ट तारीख पेशी नोट करने के लिए गया तब प्रार्थी अधिवक्ता को अपील अदम हाजरी अदम पैरवी में खारीज होने की जानकारी हुई। अतः रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील रेस्टोर फरमाई जावे। हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया तथा बहस पर मनन किया। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र, प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 लिमिटेशन एक्ट मय शपथ पत्र में दिये गये कथनो पर विश्वास करते हुए न्यायहित में रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील को रेस्टोर किया जाता है। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र मूल अपील के साथ सलग्न हो। अति. संभागीय आयुक्त बीकानेर	